नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **30**

No. of Printed Pages – **8**

# S-01-Hindi (Supp.)

## हिंदी

### माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2020

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

## खण्ड – 1

निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात् विद्या अथवा शिक्षा वही है जो हमें मुक्ति दिलाती है । यह मुक्ति अज्ञान से, अंधकार से तथा अकर्मण्यता से है । बालक जन्म से लेकर जीवन-पर्यन्त कुछ न कुछ सीखता है किन्तु औपचारिक शिक्षा प्राप्ति का उद्देश्य उसके सामने स्पष्ट होना आवश्यक है । आज हमारी शिक्षा-नीति केवल जीवन-निर्वाह की शिक्षा-व्यवस्था ही दे रही है जबकि होना यह चाहिए कि शिक्षा जीवन-निर्वाह की अपेक्षा जीवन निर्माण का उद्देश्य पूर्ण करे । शिक्षा किसी भी राष्ट्र का मेरुदण्ड कही जा सकती है जो संस्कारवान, स्वस्थ, श्रमनिष्ठ, संस्कृतनिष्ठ, साहसी तथा कुशल नागरिकों का निर्माण कर सके । इसलिए शिक्षा एक तरफ व्यक्ति निर्माण का कार्य करती है तो दूसरी तरफ राष्ट्र-निर्माण का भी कार्य अप्रत्यक्ष रूप से करती है ।

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए । **1**

2. शिक्षा हमें किससे मुक्ति दिलाती है ? **1**

3. 'शिक्षा किसी भी राष्ट्र का मेरुदण्ड कही जा सकती है ।' क्यों ? **2**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

लुटा दूँ राज मैं अपना दलित के प्राण की खातिर ।
झुका दूँ ताज मैं अपना व्यथित के प्राण की खातिर ।।
लगा दूँ पार लहरों से छुड़ा के नाव निर्बल की ।
भले भिड़ना पड़े तूफान से इस आन की खातिर ।।
बड़प्पन आ नहीं जकड़े निहारे जब मुझे कोई ।
बढ़ा दूँ बाँह मैं अपनी विहँस पहचान की खातिर ।।
मिलाऊँ मुस्कराकर दिल, मिलाए आँख जो मुझसे ।
करूँ सर्वस्व न्योछावर तनिक अहसान की खातिर ।।
लगा दूँ जान अपनी और की बिगड़ी बनाने में ।
वही इंसान है बस, जो मरे इंसान की खातिर ।।

4. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। **1**

5. कवि किसके लिए राज्य लुटा देने की बात कहता है ? **1**

6. उपर्युक्त पद्यांश का मूल भाव लिखिए। **2**

## खण्ड – 2

7. दिए गए बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों का सारगर्भित निबंध लिखिए : **8**

(क) मेरी अविस्मरणीय यात्रा

(i) यात्रा का जीवन में महत्त्व।

(ii) यात्रा के समय ध्यान रखने योग्य बातें।

(iii) यात्रा का स्थान व घटित घटनाएँ।

(iv) उपसंहार।

(ख) स्वच्छता–अभियान

(i) प्रस्तावना : स्वच्छता अभियान का सामान्य परिचय।

(ii) स्वच्छता का महत्त्व।

(iii) सरकार एवं आम जन द्वारा किए गए प्रयास।

(iv) उपसंहार।

(ग) आधुनिक जीवन में इन्टरनेट

(i) प्रस्तावना : इन्टरनेट का सामान्य परिचय।

(ii) इन्टरनेट का दैनिक जीवन में उपयोग।

(iii) इन्टरनेट के विविध क्षेत्र।

(iv) उपसंहार।

(घ) कन्या भ्रूण–हत्या

(i) प्रस्तावना : कन्या भ्रूण–हत्या क्या है ?

(ii) कन्या भ्रूण–हत्या के दुष्परिणाम ।

(iii) रोकने के उपाय ।

(iv) उपसंहार ।

8. स्वयं को प्रधानाचार्य रा.उ.मा.वि. देवपुरा मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, देवपुरा को पत्र लिखकर अपने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आमंत्रित कीजिए । **4**

**अथवा**

स्वयं को रवीन्द्र, निवासी भागलपुर मानते हुए विद्युत अभियंता को एक शिकायती–पत्र लिखिए, जिसमें रात्रि में आपके मोहल्ले में होने वाली अत्यधिक व अनियमित बिजली कटौती की शिकायत की गई हो ।

## खण्ड – 3

9. क्रिया की परिभाषा देते हुए काल के आधार पर क्रिया के भेद बताइए । **1 + 1 = 2**

10. 'तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की ।' उक्त वाक्य में निहित कारक, काल और वाच्य लिखिए । **1 + 1 + 1 = 3**

11. तत्पुरुष समास की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए । **1 + 1 = 2**

12. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) अजय को खाना दो ।

(ii) बच्चे से गुस्सा मत करो ।

13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) आँचल पसारना ।

(ii) बालू से तेल निकालना ।

14. 'खग ही जाने खग की भाषा' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । **1**

## खण्ड – 4

15. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2 + 4 = 6**

हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में,
ब्याह हुआ रानी बन आयी लक्ष्मीबाई झाँसी में,
राजमहल में बजी बधाई खुशियाँ छायी झाँसी में,
सुभट बुन्देलों की विरुदावलि–सी वह आई झाँसी में,
चित्रा ने अर्जुन को पाया शिव से मिली भवानी थी ।

**अथवा**

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं ।
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की–जैसा दिखाई मत देना ।

16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2 + 4 = 6**

पढ़ने–लिखने में स्वयं कोई बात ऐसी नहीं जिससे अनर्थ हो सके । अनर्थ का बीज उसमें हरगिज नहीं । अनर्थ पुरुषों से भी होते हैं । अपढ़ों और पढ़े–लिखों, दोनों से । अनर्थ, दुराचार और पापाचार के कारण और ही होते हैं और वे व्यक्ति–विशेष का चाल–चलन देखकर जाने भी जा सकते हैं । अतएव स्त्रियों को अवश्य पढ़ाना चाहिए । जो लोग यह कहते हैं कि पुराने जमाने में यहाँ स्त्रियाँ न पढ़ती थीं अथवा उन्हें पढ़ने की मुमानियत थीं । वे या तो इतिहास से अभिज्ञता नहीं रखते या जान–बूझकर लोगों को धोखा देते हैं ।

**अथवा**

मध्यकालीन भक्ति साहित्य में महान समाज सुधारक संत पीपा ने अपनी वाणी और विचारों से जहाँ एक ओर बाह्याडम्बरों का विरोध, रूढ़ि–परम्पराओं का विरोध, दुर्व्यसनों का विरोध इत्यादि किया, वहीं दूसरी ओर निर्गुण निराकार परम ब्रह्म की भक्ति कर संत काव्य धारा में अपनी उपस्थिति से हिंदी साहित्य के पूर्व मध्यकाल को गौरवान्वित किया । ये एक ऐसे संत कवि थे जिन्होंने भक्ति और समाज सुधार का अद्भुत रूप सामने रखा है । कबीर की परम्परा का अनुसरण करते हुए इन्होंने कबीर की मान्यताओं को भक्ति–प्रतिष्ठा के लिए सार्थक बताया है । अपनी वाणी में संत कबीर को ये झूठी सांसारिकता और कलियुग की अंधविश्वासी रीतियों के खण्डन के रूप में प्रस्तुत करते हैं ।

17. "'मातृ–वंदना' कविता में निराला का राष्ट्र प्रेम मुखरित हुआ है ।" कथन को स्पष्ट करते हुए 'मातृ–वंदना' कविता की मूल संवेदना लिखिए । (उत्तर सीमा **120** शब्द) **6**

**अथवा**

"वर्षा ऋतु का आगमन परिवर्तन का संकेत है ।" नागार्जुन रचित 'कल और आज' कविता के आधार पर उक्त कथन को स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **120** शब्द)

18. सागरमल गोपा को बंदीगृह में दी गई अमानवीय यातनाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए । (उत्तर सीमा **120** शब्द) **6**

**अथवा**

'ईर्ष्या, तू न गई मेरे मन से' पाठ के आधार पर ईर्ष्यालु मनुष्य के चरित्र की कमजोरियों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **120** शब्द)

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर **40** से **50** शब्दों में दीजिए :

19. 'मधुकर स्याम हमारे चोर ।' गोपियाँ श्रीकृष्ण को चोर क्यों बता रही हैं ? **2**

20. सेनापति द्वारा रचित कविता 'ऋतु वर्णन' के आधार पर बसंत ऋतु की विशेषताएँ लिखिए । **2**

21. देव द्वारा रचित पद के आधार पर बताइए कि नायिका कौन सा स्वप्न देख रही थी और उसका स्वप्न कैसे टूटा ? **1 + 1 = 2**

22. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'एक अद्‌भुत अपूर्व स्वप्न' पाठ में पण्डित शीलदावानल की क्या विशेषता बताई है ? **2**

23. 'अमीना का मन हामिद के प्रति गद्‌गद हो गया', क्यों ? **2**

24. 'आखिरी चट्टान' पाठ में तट की रेत ने लेखक को आकर्षित क्यों किया ? **2**

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर **एक** पंक्ति में दीजिए :

25. तुलसीदासजी कौन सी दो भाषाओं के पण्डित माने गए हैं ? **1**

26. ‘कृपाराम खिड़िया’ ने रसना का क्या गुण बताया है ? **1**

27. संत दादू दयाल के अनुसार कौन सा व्यक्ति निंदा करता है ? **1**


28. लोक संत पीपा के गुरु का नाम लिखिए । **1**

29. निम्न रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय लिखिए : **2 + 2 = 4**

    (i) जयशंकर प्रसाद

    (ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी

30. निम्नांकित यातायात संकेतों का क्या अर्थ है ? **1 + 1 + 1 + 1 = 4**




---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE